aglasem.com

FOR RAJASTHAN CLASS 12 PREPARATION

Rajasthan Board 12th Model Paper 2027 Hindi Sahitya

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Rajasthan Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

उच्च माध्यमिक स्तर प्रस्तावित प्रश्न–पत्र प्रारूप (**Design)** सत्र 2026–2027

कक्षा – 12 **विषय :– हिन्दी साहित्य** **समय : 3:15 घण्टे** **पूर्णांक–80**

1. उद्देश्य हेतु अंक भार –

योग्यताएं	उद्देश्य	अंक भार	प्रतिशत
जागरूकता Awareness	ज्ञान (Knowledge)	20	25.00
	निर्माणात्मक समझ (Understanding of the Construct)	10	12.50
	प्रक्रिया की समझ– (Understanding of the Process)	10	12.50
संवेदनशीलता Sensitivity	संघर्ष समाधान (Conflict Resolution)	7	8.75
	DEV(Open Mindedness)	6	7.50
	सहयोग/योगदान (Collaboration)	7	8.75
सृजनात्मकता Creativity	नवाचारी विचार उत्पन्न करना (Generate Innovative Ideas)	6	7.50
	लचीलापन (Flexibility)	2	2.50
	प्रवाहशीलता (Fluency)	2	2.50
	अन्वेषण (Exploration)	4	5.00
	विचारों एवं अवधारणाओं का मिलान (Combining Ideas & Concepts)	6	7.50
Total		80	100

2 प्रश्नों के प्रकार व अंकभार –

खण्ड.	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक प्रति प्रश्न	कुल अंक	प्रतिशत (अंको का)	प्रश्न हल करने के लिए संभावित समय मिनटों में
अ	वस्तुनिष्ठ प्रश्न	16	1	16	20	16
ब	अतिलघूत्तरात्मक	6	2	12	15	12
स	लघूत्तरात्मक	8	3	24	30	24
द	दीर्घोत्तरीय एवं स्रोत/प्रकरण/घटना/चित्र आधारित प्रश्न एवं पत्र लेखन/कहानी लेखन/ई मेल लेखन आदि	4	4	16	20.0	86
	निबन्ध लेखन/लेख आदि	2	6	12	15.0	42
	योग	36		80	100	180
प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित समय						15
कुल समय						195

नोटः–प्रश्न पत्र निर्माता न्यूनतम दो केस आधारित *(Case Based)* प्रश्न अनिवार्य रूप से देवें

3. प्रश्नों के उद्देश्य के आधार पर भारात्मक अनुपात –

योग्यताएं/क्षमताएं	जागरूकता	संवेदनशीलता	सृजनात्मकता
प्रश्नों की संख्या	18	10	8
प्रतिशत	50	25	25

4. प्रश्नों के काठिन्य स्तर के आधर पर भारात्मक अनुपात –

कठिनाई स्तर	सरल	मध्यम	कठिन
प्रश्नों की संख्या	9	18	9
प्रतिशत	25	50	25

BSER

5. ईकाई एवं अध्यायवार अंकभार –

क्र.सं.	पाठ्यक्रम के अनुसार इकाई एवं अध्याय विवरण	पाठ्यक्रम में निर्धारित अंकभार	प्रतिशत
1	काव्यांग–गुण–दोष	4	5
2	काव्यांग–छंद	4	5
3	अलंकार	4	5
4	रचना अभिव्यक्ति	13	16.25
5	अपठित गद्यांश	6	7.5
6	अपठित पद्यांश	6	7.5
7	अंतरा गद्य (केस स्टडी सहित)	17	21.25
8	अंतरा पद्य	13	16.25
9	अंतराल (केस स्टडी सहित)	13	16.25
	योग	80	100

BSER

मॉडल प्रश्न पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट 2026–2027

कक्षा – 12 विषय :– हिन्दी साहित्य समय 3 घंटे 15 मिनिट पूर्णांक – 80

क्र. सं.	क्षमताएं / उद्देश्य / प्रश्नों के प्रकार	जागरूकता (AWARENESS)										संवेदनशीलता (SENSITIVITY)												रचनात्मकता (CREATIVITY)																अंकों का योग
		ज्ञान				निर्माणात्मक समझ				प्रक्रिया की समझ				संघर्ष समाधान				व्यापक उदार				सहयोग				नवीन विचार				लचीलापन				प्रवाहशीलता				अन्वेषण				अवधारणाओं का संयोजन				
		वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	
	इकाई / अध्याय																																							
1	काव्यांग– गुण रोप	5(1)				4(1)					17(2)																													4
2	छंद	8(1)								7(1)	18(2)																													4
3	अलंकार	6(1)				3(1)					19(2)																													4
4	रचना अभिव्यक्ति									11(1), 12(1),13(1)																				22(2)				20(2)				21(2)				36(4)	13
5	अपठित गद्यांश				34(6)*																																			6
6	अपठित पद्यांश				35(6)*																																			6
7	अंतराल गद्य (केस स्टडी सहित)				33(4)*				32(4)*					14(1)				16(1)				15(1)						29(3)												-2		17
8	अंतराल पद्य	1(1)							31(4)*					2(1)					23(3)				24(3)														10(1)					13
9	अंतराल (केस स्टडी सहित)													9(1)		25(3)*,26(1)*				-2				27(3)				32(3)													13
	कॉलम के अंको का योग	4			16	2			8	4	6			3		4		1	3	2		1	3	3				6				2				1	2	1			2	4	80
	उद्देश्यानुसार कुल योग	20				10				10				7				6				7				6				2				2				4				6				80
	कुल योग (क्षमताएं)	40												20												20																				80

नोट 1. (*) आंतरिक विकल्प 2. कोष्ठक के बाहर दी गई संख्या "प्रश्न क्रमांक" है तथा कोष्ठक के अंदर की संख्या "अंक" को दर्शाती है। 3. उक्त ब्ल्यू प्रिंट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों का समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल परीक्षा के प्रश्न पत्र का ब्ल्यू प्रिंट अलग हो सकता है।

BSER

उच्चमाध्यमिक परीक्षा, 2026–2027

Senior Secondary Examination, 2026-2027

नमूना प्रश्न–पत्र

Model Question Paper

विषय –हिन्दी साहित्य

Sub :Hindi Literature

कोड – 21

Code : 21

समय : 03 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 80

परीक्षार्थी के लिएसामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BSER

खण्ड – अ

Section - A

निर्देश : निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

1) कार्नेलिया का गीत प्रसाद के किस नाटक का प्रसिद्ध गीत है ? (1)

अ) अजात शत्रु ब) राजश्री

स) चन्द्र गुप्त द) स्कन्द गुप्त

2) 'सरोज स्मृति'कविता में किसके विलाप का चित्रण किया गया हैं ? (1)

अ) पिता का ब) भाई का

स) माता का द) बहिन का

3) बिनु पद चले सुने बिनु काना। कर बिनु करम कर विधि नाना।।'' इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ? (1)

अ) विरोधाभास ब) विशेषोक्ति

स) अन्योक्ति द) विभावना

4) 'अजा सहेली तासु रिपु ता जननी भरतार। ता सुत के मीत को, भजिए बार बार।।'' इस दोहे में कौन सा दोष है ? (1)

अ) ग्राम्यत्व ब) च्युत संस्कृति

स) क्लिष्टत्व द) श्रुति कटुत्व

5) बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय।'' इस काव्य पंक्ति में कौन सा काव्य गुण है ? (1)

अ) ओज ब) माधुर्य

स) प्रसाद द) वीरता

6)'जब काव्य में अमूर्त भाव या विचार को मूर्त रूप में प्रस्तुत किया जाता है, वहाँ अलंकार होता है। (1)

अ) दृष्टांत ब) प्रतीप

स) उदाहरण द) मानवीकरण

7) किस छंद के प्रत्येक चरण में 12–12 वर्ण होते है और गण क्रमशः नगण, भगण, भगण और रगण होते है– (1)

अ) गीतिका ब) दुतविलम्बित

स) हरिगीतिका द) सवैया

8)'छप्पय' छंद में कितने चरण होते है– (1)

अ) दो ब) चार

BSER

स) छह द) आठ

9) सूरदास की झौपडी के..... वह वहाँ बैठा रहा। (1)

अ) जल जाने से ब) बह जाने से

स) गिर जाने से द) बिखर जाने से

10) 'बसन्त आया' कविता में व्यंग्य किया गया है– (1)

अ) आधुनिक जीवन शैली पर ब) मध्य कालीन जीवन शैली पर

स) प्राचीन जीवन शैली पर द) पौराणिक जीवन शैली पर

11) 'उल्टा पिरामिड शैली'' में लेखन प्रक्रिया अपनायी जाती है – (1)

अ) समाचार ब) फीचर

स) औपचारिक पत्र द) संवाद लेखन

12) 'कहानी' लेखन करते समय केन्द्र में होता है– (1)

अ) लेखक ब) वेशभूषा

स) मंच द) कथानक

13) 'कविता' ऐसी लिखी जाए – (1)

अ) जो हमें संसार से अलग कर दे

ब) जिसे गाया न जा सके

स) जो बार–बार पढ़ने को आमन्त्रित करे

द) जिसे एक बार पढ़ने के बाद छोड़ दिया जाए।

14) भीष्म साहनी की आत्मकथा ''आज के अतीत'' के संस्मरण में उन्होंने पाठकों के सामने कौन सा मुद्दा नहीं उठाया ? (1)

अ) राष्ट्रीयता ब) नेताओं की चापलूसी

स) देश प्रेम द) अन्तरराष्ट्रीय मैत्री

15) 'शेर' लघुकथा के पात्र हिरण के बच्चे ने निम्न में से किस को समझाने का सहयोगात्मक प्रयास नहीं किया– (1)

अ) गधा ब) उल्लू

स) लोमड़ी द) गाय

16) ये लोग आधुनिक भारत के नए शरणार्थी है। ''लेख के विचार से यह कथन कहा गया है– (1)

अ) औद्योगीकरण से विस्थापितों के लिए

ब) भारत विभाजन से आए लोगों के लिए

स) बांग्लादेशियों के लिए

द) चरवाहों के लिए

BSER

खण्ड – ब

Section – B

निर्देश : निम्नलिखित अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

17) ओज गुण की पहचान कैसे की जाती है? इसका उदाहरण लिखिए। **1+ 1 =02**

18) 'मात्रिक' छंद में मात्राओं की गणना (उदाहरण देकर) करते हुए समझाइए। **1+ 1 =02**

19) काव्य पंक्तियों में अलंकारों का पता लगाने के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखा जाता है ? कोई चार लिखिए। **½+½+½+½ =02**

20) अध्यापक और छात्र/छात्रा के बीच गृह कार्य को लेकर चार–चार संवाद लिखिए। **1+ 1 =02**

21) किन्ही दो हिन्दी समाचार पत्रों के समान अंक (एक ही दिन प्रकाशित) को पढ़िए तथा निम्न बिन्दुओं के आधार पर तुलनात्मक अन्वेषण कीजिए। **1+ 1 =02**

(क) सूचनाओं का क्रम (ख) भाषा शैली

22) दैनिक समाचार पत्रों में राजनीतिक खबरें ही ज्यादा स्थान घेरती है उनके अतिरिक्त अन्य कौन–कौन सी खबरों को स्थान दिया जाकर इसमें बदलाव किया जा सकता है ? कोई दो सुझाव दीजिए। **1+ 1 =02**

खण्ड – स

Section – C

निर्देश : खंड स के प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

23) ''यह दीप अकेला स्नेह भरा है गर्वभरा मदमाता पर इसको भी पंक्ति को दे दो'' में दीपक और पंक्ति के प्रतीकार्थ पर अपने विचार रखते हुए दोनों का महत्व प्रतिपादित कीजिए। **1 + 1+ 1 =03**

24) ''बारहमासा'' में जायसी ने नायिका की विरह दशा को व्यक्त किया, उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए तथा किसी स्त्री को ऐसी दशा में उसकी सखियों द्वारा किए जाने वाले सहयोग एवं सद्भाव को प्रकट कीजिए। **1½+ 1½ =03**

25) ''सूरदास उठ खड़ा हुआ और विजय गर्व की तरंग में राख के ढेर को दोनो हाथों से उड़ाने लगा'' इस कथन के संदर्भ में सूरदास के संघर्ष की मनोदशा को लिखिए। साथ ही ऐसी स्थिति में अपनों के व्यवहार एवं सुझाव को लिखिए। **03**

अथवा

चूल्हा ठंडा किया होता तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता नायक राम के इस कथन में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

BSEP

26) बिस्कोहर में हुई बरसात का वर्णन तथा वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। **03**

अथवा

प्रकृति सजीव नारी बन गई – इस कथन के संदर्भ में लेखक की प्रकृति, नारी और सौंदर्य संबंधी मान्यताएँ स्पष्ट कीजिए।

27) मालवा के राजाओं ने जल संरक्षण के प्रबंध किए। उनसे तुलना करते हुए वर्तमान में किए जा रहे जल प्रबंधन के उपायों पर अपने विचार रखिए, जिससे जल संकट का समाधान हो सके। **1 + 1+ 1 =03**

28) ''संवदिया'' कहानी में बड़ी बहुरिया और हरगोविन्द के वार्तालाप का नाट्य रूपान्तरण अपने शब्दों में कीजिए। (3)

29) रेलवे स्टेशन पर एक युवक की मुलाकात एक युवती से होती है। दोनों अपरिचित होते हुए भी युवक उसे अपने मोह जाल में फंसाने की नियत से उसकी सहायता करता है और अतिशय प्रेम दिखाता है। विदा होने के बाद भी वह युवती उसे बार–बार याद करती है।'' उपर्युक्त घटना को पढ़कर वर्तमान में हो रहे प्रेम संबंधों में होने वाले धोखे (छल) के व्यवहार पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (3)

30) ''मोहन को मालवा के ग्रामीण अंचल में जाने का अवसर मिला वहाँ के लोगों से उसका मिलना हुआ तथा उसने वहाँ के रहन–सहन, खान–पान तथा पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उपर्युक्त कथांश के आधार पर अपने विचार रखिए कि वहाँ क्या–क्या चर्चा हुई होगी ? (3)

BSER

खण्ड – द

Section – D

निर्देश : निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय खंड द के प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 150 शब्दों में अथवा प्रश्न में उल्लेखित शब्द सीमा के अनुसार लिखिए।

31) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **1 + 2+ 1+1=04**

''बहुत दिनान को अवधि आसपास परे
खरे अखरनि भरें है, उठि जान को।
कहि–कहि आवन छबीले मन भावन को,
गहि–गहि राखति ही दै दै सनमान को।
झूठी बतियानि की पत्यानि तें उदास ह्वै कै,
अब ना घिरत घन आनंद निदान को।
अधर लगे है आनि करि कै पयान प्रान,
चाहत चलन ये संदेसौ लै सुजान को।।

अथवा

जननि निरखनि बान धनुहियाँ।
बार बार उर नैननि लावति प्रभुजू की ललित पनहियाँ।
कबहुँ प्रथम ज्यों जाह जगावति कहि प्रिय वचन सवारे।
उठहु तात! बलि मातु बदन पर, अनुज सखा सब द्वारे।।
कबहु कहति यों बड़ी बार भइ जाहु भूप पहँ, भैया।
बंधु बोलि जेंहम जो भावै गई निछावरि मैया।।
कबहुँ समुझि बन गमन राम को रहि चकि चित्रलिखी सी।
तुलसीदास वह समय कहे ते लागति प्रीति सिखी सी।।

32) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **2+ 2=04**

'' जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरे उसका अपकार कर रहे है वह भी बुद्धिहीन है। कौन किसका उपकार करता है, कौन किसका उपकार कर रहा है ? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है, अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास विधाता की योजना के अनुसार। किसी को उससे सुख मिल जाए, बहुत अच्छी बात है, नहीं मिल सका कोई बात नहीं, परन्तु उसे अभिमान नहीं होना चाहिए। सुख पहुँचाने का अभिमान यदि गलत है तो दुःख पहुँचाने का अभिमान तो नितरां गलत है।''

अथवा

''एक दिन कई लोग बैठे बातचीत कर रहे थे कि इतने में एक पंडित जी आ गए। चौधरी साहब ने पूछा। कहिए क्या हाल है पंडित जी बोले–''कुछ नहीं आज एकादशी थी, कुछ जल खाया है और चले आ रहे हैं।'' प्रश्न हुआ–''जल ही खाया है कि कुछ फलाहार भी पिया है ?''

एक दिन चौधरी साहब के एक पड़ौसी उनके यहाँ पहुँचे। देखते ही सवाल हुआ ''क्यों साहब एक लफ्ज में अकसर सुना करता हूँ पर उसका ठीक अर्थ समझ में न आया। आखिर घन चक्कर के क्या मानी है उसके क्या लक्षण हैं ? पड़ोसी महाशय बोले–''वाह! यह क्या मुश्किल बात है। एक दिन रात को सोने के पहले कागज कलम लेकर सवेरे से रात तक जो–जो काम किए हो सब लिख जाहए और पढ़ जाइए।

33) विद्यापति अथवा चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' का साहित्यिक परिचय लिखिए। (4)

34) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **1+ 2 + 3=06**

''मानव जाति उस ''कुछ और'' की निरन्तर खोज में व्यस्त है जिससे उसे आशा है कि सम्पूर्ण एवं असीम सुख मिल जाएगा। उन विशिष्ट आत्माओं के लिए जिन्होंने ईश्वर की खोज की है और उन्हें प्राप्त कर लिया है, यह खोज समाप्त हो चुकी है, ईश्वर ही 'वह कुछ और' है।

BSER

बहुत से लोगों को यह संदेह हो सकता है कि ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य है : परन्तु प्रत्येक इस विचार को स्वीकार कर सकता है कि जीवन का उद्देश्य प्रसन्नता प्राप्त करना है। मैं कहता हूँ कि ईश्वर सुख है। वे परमानंद है। वे प्रेम है। वे वह आनंद है, जो आपकी आत्मा से कदापि दूर नहीं जाएगा। तब आप क्यों नहीं उस आनंद को पाने का प्रयास करते ? इसे कोई भी अन्य व्यक्ति आपको नहीं दे सकता। आपको स्वयं ही इसे निरंतर विकसित करना चाहिए।

1)प्रस्तुत गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

2)ईश्वर के बारे में क्या कहा गया है ?

3)सुख की खोज में मानव जाति ने संसार की क्या दशा कर दी है ? अपने विचार लिखिए।

अथवा

'धनोपार्जन' यानी पैसा कमाना बुरी बात नहीं है खूब कमाइए, बिना धन के न धर्म हो सकता है ना दान लेकिन होश भी चाहिए..... लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, अंत में मुझे जाना कहाँ है ? प्रत्येक मनुष्य की इच्छा है कि हमें सुख मिले प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सुख चाहता है। अब विचार यह करना है कि हम जिन वस्तुओं का संग्रह और संरक्षण में अपना जीवन बिता रहे हैं, ये क्या वास्तव में सुख रूप हैं ? घर मकान बंगला गाड़ी भौतिक वस्तुओं को मनुष्य ने सुख मान कर इनकी चाह में अंधों की तरह दौड़ रहा है, इनमें यदि सुख होता तो जिसके पास ये सब पहले से है वह सब तो परमसुखी होते, यह तो सभी जानते है कि संसार की प्रत्येक क्षण भंगुर और विनाशशील है जो विनाशी है, वह अनित्य है और जो अनित्य है उसका एक दिन वियोग है अवश्यंभावी है। जिस वस्तु की प्राप्ति और भोग के समय सुख होता है उसके वियोग में दुःख अवश्य होगा। अतः संसार की प्रत्येक वस्तु वियोगशील होने के कारण दुःखप्रद है।

1)प्रस्तुत गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

2)इस गद्यांश में मनुष्य जीवन के बारे में क्या कहा गया है ?

3)मनुष्य सुख प्राप्ति के लिए क्या–क्या कर रहा है ? अपने विचार लिखिए।

35) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2+ 1 + 2 + 1=06**

रक्त शिराओं में राणा का रह रह आज हिलोरे लेता।
मातृभूमि का कण–कण तृण–तृण हमको आज निमंत्रण देता।।
वीर प्रसूता भारत माँ की हम सब बंधु है संतानें,
हर विपदा जो माँ पर आती सहते हम तो सीना ताने।
युग–युग की निद्रा को तजकर फिर से अपना गौरव चेता।।
मातृभूमि.....

BSER

यह वह भूमि जहाँ पर नित नित लगता बलिदानों का मेला।
इस धरती के पुत्रों ने तो हँस–हँस महामृत्यु को झेला।
हमको डिगा न पाया कोई अगणित आये विश्व विजेता।।

1)प्रस्तुत पद्यांश में वीर प्रसूता किसे और क्यों कहा गया है ?

2)प्रस्तुत पद्यांश में कौन सा काव्य गुण हैं ?

3)'युग–युग की निद्रा को तजकर..... पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है ?

4)कण–कण,तृण–तृण में कौन सा अलंकार है ?

अथवा

शत–शत नमन भारत भूमि को अभिनन्दन भारत माँ को
जिसके राज कण मात कर रहे मलयागिरि के चन्दन को।।
राम कृष्ण की पावन धरती जो शक्ति संचार करे
जन–जन में बलिदान भावनना कूट–कूट कर नित्य भरें,
अर्जुन–भीम शिवाजी जैसे गुण निर्माण कराने को। शत–शत.....
उत्तर में नगराज हिमालय माँ का मुकुट सँवारता,
दक्षिण में रत्नाकर जिसके पावन चरण पखारता,
बुला रही है हर प्राणी को गीता ज्ञान सुनाने को। शत–शत.....
इस धरती पर जन्म लिया है यह सौभाग्य हमारा है,
इस पर ही हो जीवन अर्पण यह उद्देश्य हमारा है,
बार–बार यह जीवन पायें इस पर ही बलि जाने को। शत–शत.....

1) प्रस्तुत पद्यांश में किसके रज कण, किसको और क्यों मात कर रहें है

2)प्रस्तुत पद्यांश में कौन सा काव्य गुण हैं।

3)'जन–जन में बलिदान भावना.....पंक्ति से कवि क्या अभिप्राय है ?

4)'शत–शत.....बार–बार..... में कौन सा अलंकार है ?

36) निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए।

1+ 2+1=04

1)वैश्विक तेल संकट एवं समाधान

2)हरियालो राजस्थान अभियान

3)नारी सम्मान

4)कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग

BSEP

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026–2027

Senior Secondary Examination, 2026-2027

उत्तर कुंजी

Answer Sheet

विषय –हिन्दी साहित्य

Sub :Hindi Literature

कक्षा–12

Class :12Th

कोड– 21

Code : 21

प्रश्न संख्या	अपेक्षित उत्तर	मूल्यांकन मापदण्ड (रूब्रिक्स)
	खण्ड – अ	
1.	(ब) चन्द्रगुप्त	1
2.	(अ) पिता का	1
3.	(द) विभावना	1
4.	(ब) क्लिष्टत्व	1
5.	(स) माधुर्य	1
6.	(द) मानवीकरण	1
7.	(स) दुतविलम्बित	1
8.	(ब) छह	1
9.	(अ) जल जाने से	1
10.	(अ) आधुनिक जीवन शैली पर	1
11.	(अ) समाचार	1
12.	(द) कथानक	1
13.	(ब) जो बार–बार पढ़ने को आमंत्रित करे	1
14.	(स) नेताओं की चापलूसी	1
15.	(द) गाय	1
16.	(अ) औद्योगीकरण से विस्थापितों के लिए	1
	खण्ड – ब	
17.	अपेक्षित पहचान के बिन्दु एवं उदाहरण आपेक्षित है।	2

BSER

18.	मात्रिक छंद उदाहरण एवं मात्रा (ह्रस्व ⑴ और दीर्घ ⑵) के निशान बनाकर गणना किया हुआ उत्तर अपेक्षित है।	2
19	अलंकार के लक्षण की चार बातों का उत्तर अपेक्षित हैं	2
20.	संवाद लेखन अपेक्षित है। (अध्यापक एवं विद्यार्थियों का)	2
21.	कोई दो समाचार पत्रों के नाम सहित बिन्दुवार तुलना अपेक्षित है।	2
22	समाचार पत्रों में खबरों की महत्ता में बदलाव पर विचार अपेक्षित है।	2
	खण्ड – स	
23.	अंतरा पृष्ठ 14 शब्दों के प्रतीकार्थ विचार एवं महत्त्व पर विचार	3
24.	अंतराल पृष्ठ 40 विरहिणी की मनोदशा एवं सखियों के सहयोग भाव पर विचार अपेक्षित	3
25	अंतराल पृष्ठ 8 सूरदास के संघर्ष की मनोदशा एवं अपनो के सुझाव अपेक्षित उत्तर अथवा नायक राम के इस कथन में उसके मन में अपने शत्रुओं के प्रति भरी हुई घृणा, क्रोध और प्रतिशोध की भावना व्यक्त हुई है।	3
26	अंतराल पृष्ठ 17 बरसात एवं प्रकृति सौंदर्य वर्णन अपेक्षित उत्तर अथवा लेखक के अनुसार प्रकृति और नारी दोनो में सुन्दरता, कोमलता, प्रेम तथा जीवन प्रदान करने की अद्भूत क्षमता होती है।	3
27	अंतराल पृष्ठ 22 जलसंरक्षण के प्राचीन एवं वर्तमान उपाय संबंधी समाधान अपेक्षित हैं।	1 +1+ 1=03
28	अंतरा पृष्ठ 76 कहानी के वार्तालाप का नाट्य विधा में रूपान्तरण अपेक्षित है।	3
29	केस स्टडी के आधार अपेक्षित विचार (अंतरा पृष्ठ 116 दूसरा देवदास कहानी)	03
30	केस स्टडी के आधार पर विचार अपेक्षित है। (अंतराल पृष्ठ 21 अपना मालवा के आधार पर)	03

BSER

	खण्ड – द	
31	अंतरा पृष्ठ 54 पद्यांश पाठ–घनानंद से लिया गया है। अर्थ सहित कलापक्ष व भावपक्ष का वर्णन अपेक्षित है। अथवा अंतरा पृष्ठ 36 पाठ–तुलसीदास से लिया गया। अर्थ सहित, कलापक्ष व भाव पक्ष का वर्णन अपेक्षित है।	**1+ 2+ 1=04**
32	अंतरा पृष्ठ 136 पाठ–कुटज जो हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखा गया है की अर्थ सहित व्याख्या अपेक्षित है। अथवा अंतरा पृष्ठ 61 पाठ–प्रेमघन की छाया स्मृति जो आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित है की व्याख्या अर्थ सहित अपेक्षित हैं	**1 + 1+ 1+ 1 =04**
33	साहित्यकार का जीवन एवं कृतित्व युक्त परिचय	**2+ 2=04**
34.	अपठित गद्यांश के अपेक्षित उत्तर (i) शीर्षक ईश्वर की खोज'' (ii) गद्यांश के आधार उत्तर अपेक्षित (iii) मौलिक विचार अपेक्षित अथवा (i) अपठित गद्यांश का शीर्षक जीवन का ध्येय (ii) गद्यांश के आधार पर अपेक्षित उत्तर (iii) मौलिक विचार अपेक्षित	**1+ 2 + 3=06**
35.	अपठित पद्यांश के उत्तर (i) भारत माता (ii) ओजगुण (iii) अर्थ सहित व्याख्या (iv) पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार अथवा (i) भारत भूमि के मलयागिरि को (ii) प्रसाद गुण (iii) अभिप्राय व्याख्या सहित (iv) पुनरूक्तिप्रकाश अलंकार	**2+ 1 + 2 + 1=06**
36.	निबंध के तत्त्व अनुसार आलेख अपेक्षित	1 +2 +1=**04**
	योग	80

BSER